FIROZABAD POLICE

सुरक्षा आपकी
संकल्प हमारा

**प्रेस नोट दिनांक 24-02-2024 थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद।**

- **थाना टूण्डला पुलिस टीम के द्वारा रात में बन्द घरों में चोरी करने वाले टैम्पू गैंग का किया खुलासा।**
- **02 अभि0गणों को मय चोरी के माल बरामदगी सहित किया गिरफ्तार।**
- **थाना टूण्डला क्षेत्र की चार चोरियों की घटनाओं का सफल अनवारण।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा जनपद में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अनुपालन में, अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी टूण्डला के कुशल नेतृत्व में थाना टूण्डला पुलिस टीम द्वारा चैकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर दी कि ग्राम बसई तथा शहर में जगह जगह हुई चोरियों के माल को तीन चोर बेचने के लिये एक सवारी टैम्पू में रखकर निहाल सिंह की पुलिया की तरफ से बम्बा ( नहर) के किनारे होते हुए फिरोजाबाद कबाडे की दुकान पर बेचने जा रहे है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए थाना टूण्डला पुलिस टीम द्वारा 02 अभियुक्तों 1- राजू उर्फ बन्दर 2. प्रभात उर्फ करूआ निहाल सिंह की पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया है । एक अभियुक्त दीपू उर्फ दीपक राठोर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया । गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 01 अदद गैस सिलेन्डर ( भारत गैस ) व 02 अदद छोटी बडी परात पीतल, एक अदद भगोना पीतल, एक अदद इलेक्ट्रोनिक काँटा , एक अदद बैट्रा ल्यूमैक रंग नीला, 04 अदद डेग पीतल मय 02 अदद ढक्कन पीतल, एक अदद माइक्रोटैक इन्वर्टर, एक अदद तमंचा 12 बोर देशी व एक अदद कारतूस 12 बोर, घटना में प्रयुक्त एक अदद टैम्पू नं0 UP 83 CT 0402 व कुल 10,000 रुपये बरामद किए गये हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरूद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**घटना का संक्षिप्त विवरण ----**

दिनांक 18.02.24 को वादी श्री सलीम खान शेख निवासी न्यू शिव नगर थाना टूण्डला द्वारा सूचना दी गयी कि उनके घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोर कुछ नगद रकम व कीमती आभूषण चोरी करके ले गये है जिसके सम्बन्ध में थाना टूण्डला पर मु0अ0सं0 139/2024 धारा 457/380 भादवि पंजीकृत किया गया। दिनांक 23.02.24 को वादी श्री धर्मबाबू निवासी बसई थाना टूण्डला द्वारा सूचना दी गयी कि उनके घर से 4 पुराने पीतल के बर्तन, 2000 नगद व बैटरा (lumac) अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया है जिसके सम्बन्ध में थाना टूण्डला पर मु0अ0स0 147/24 धारा 457/380 भादवि पंजीकृत किया गया। वादी श्री राजेन्द्र सिंह निवासी बसई थाना टूण्डला द्वारा सूचना दी गयी कि ग्राम पंचायत घर से ताले तोडकर 2 बैटरी exide, 1 इनवर्टर माइक्रोटैक व एक यूपीएस अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया है जिसके सम्बन्ध में थाना टूण्डला पर मु0अ0सं0 148/2024 धारा 457/380 भादवि पंजीकृत किया गया। वादी श्री देवेन्द्र कुमार निवासी नई तहसील के सामने बसई मोड टूण्डला द्वारा सूचना दी गयी कि दिनांक 18.02.24 को उनका मकान का ताला

तोडकर अज्ञात चोरों द्वारा 01 सलेन्डर भारत गैस, 2 छोटी परात व एक भगोना पीतल का व एक इलैक्ट्रानिक तराजू व 2000 रूपये चोरी कर लिये गये है जिसके सम्बध में थाना टूण्डला पर मु0अ0स0 149/24 धारा 380/457 भादवि पंजीकृत किया गया था। उपरोक्त घटनाओं का अनावरण करते हुए टूण्डला पुलिस टीम द्वारा 02 अभियुक्तों को चोरी के माल सहित गिरफ्तार किया गया है।

गिरफ्तारी का दिनांक, समय व स्थान ---- दिनांक 23.02.2024 समय 20.40 बजे, निहाल सिंह की पुलिया की के पास थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद।

नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तगण-

1. राजू उर्फ बन्दर पुत्र रामचरन प्रजापति निवासी जुलाई का नगला थाना करहल जिला मैनपुरी हाल पता काशीराम कॉंलोनी एटा रोडा टूण्डला मे ( सास ) माया का मकान थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद।
2. प्रभात उर्फ करूआ पुत्र स्व0 बसन्तलाल निवासी सरस्वती नगर चैयरमैन वाली गली थाना टूण्डला जिला फिरोजाबाद।

नाम पता फरार अभियुक्त-

1.दीपू उर्फ दीपक राठौर पुत्र स्व0 मुकेश राठौर निवासी आशा आईटीआई वाली गली हिमायूपुर थाना दक्षिण जिला फिरोजाबाद।

बरामदगी का विवरण-

01 अदद गैस सिलेन्डर ( भारत गैस ) व 02 अदद छोटी बडी परात पीतल व एक अदद भगोना पीतल व एक अदद इलेक्ट्रोनिक कॉंटा , एक अदद बैट्रा ल्यूमैक रंग नीला व 04 अदद डेग पीतल मय 02 अदद ढक्कन पीतल , एक अदद माइक्रोटैक इन्वर्टर ,एक अदद तमंचा 12 बोर देशी व एक अदद कारतूस 12 बोर घटना मे प्रयुक्त एक अदद टैम्पू नं0 UP 83 CT 0402 व कुल 10000 रूपये बरामद।

पूछताछ का विवरण-

पूछताछ के दौरान अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि हम लोग रात में ऑटो चलाते हैं, रात्रि में जिन घरों में ताले लगे होते हैं उनकी रैकी कर अपने ऑटो को किसी सुरक्षित जगह पर खड़ा करके कटर से कुंदा काटकर घरों में चोरी करते है और बाद में सारा सामान ऑटो से ले जाते हैं। हम दोनों, दीपू उर्फ दीपक राठौर के साथ मिलकर चोरी करते है जो मौके से भाग गया है। दीपक राठौर हमारा लीडर है, वो पहले कई बार जेल जा चुका है। जो सामान टैम्पो में लदा है उक्त सामान की चोरी हम तीनों ने मिलकर की थी जिसमें दिनांक 18.02.24 की रात में एटा रोड पर तहसील के सामने एक हरे रंग के पुते हुये बंद मकान से 01 सिलेन्डर भारत गैस,दो छो़टी बडी परात पीतल व एक भगोना पीतल का और एक इलेक्ट्रोनिक काटा व 2000 रूपये चोरी किये थे। दिनांक 16.02.24 की रात को ग्राम बसई में हम तीनों ने एक बन्द मकान से 04 पुराने पीतल की डेग, एक बैट्रा नीले रंग का व 2000 रूपये चोरी किये थे जिसमे से बैट्री व पीतल की डैग टैम्पू मे रखे है और पैसो का बटवारा कर लिया था। करीब 01 माह पूर्व ग्राम बसई मे बने पंचायत घर के गेट का कुन्दा काटकर हम तीनो ने वहॉं से 02 बैट्रा एक इन्वर्टर तथा कम्प्यूटर का सामान चोरी किया था जिसमे से टैम्पू मे रखा इनवर्टर उसी चोरी का है , तथा 2000 रूपये हम दोनो को दीपू ने हिस्से में दिये थे जो हमने 1000-1000 आपस मे बॉंट लिये थे शेष सामान का पैसा दीपू ने सामान बेचकर देने के लिये कहा था। दिनांक 17.02.24 की रात मे न्यू शिव नगर मे बन्द मकान मे चोरी की थी जिसमे हमे 19,000/- रूपये नगद मिले थे और कुछ पीली धातु का सामान मिला था जिसको दीपक ने अपने पास रख लिया तथा उसको बेचकर देने के

लिये कहा था नगद रूपये हम लोगो ने आपस मे बांट लिये थे जिसमें हम दोनों को 5000-5000 रूपये दिये थे । बरामद तमंचा व कारतूस के बारे में पूछने पर राजू उर्फ बन्दर ने बताया कि साहब मैं यह तमंचा व कारतूस रात में चोरी करते समय अपनी सुरक्षा के लिये रखता हूँ।

**आपराधिक इतिहास अभियुक्त राजू उर्फ बन्दर-**

1. मु0अ0सं0 139/2024 धारा 457/380 भादवि थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद ।
2. मु0अ0स0 147/24 धारा 457380 भादवि थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद ।
3. मु0अ0सं0 148/2024 धारा 457/380 भादवि थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद ।
4. मु0अ0स0 149/24 धारा /457380 भादवि थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद ।
5. मु0अ0सं0 90/2023 धारा 380/411/457 भादवि थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद ।
6. मु0अ0सं0 151/24 धारा 03/25 आर्म्स एक्ट थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद ।

**आपराधिक इतिहास अभियुक्त प्रभात उर्फ करूआ --**

1. मु0अ0सं0 139/2024 धारा 457/380 भादवि थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद ।
2. मु0अ0स0 147/24 धारा 457380 भादवि थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद ।
3. मु0अ0सं0 148/2024 धारा 457/380 भादवि थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद ।
4. मु0अ0स0 149/24 धारा /457380 भादवि थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद ।
5. मु0अ0सं0 720/2023 धारा 452/323/504/506 भादवि थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद ।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1. प्र0नि0 कुलदीप दीक्षित थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद ।
2. व0उ0नि0 विकास कुमार अत्री थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद ।
3. उ0नि0 जय सिंह थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद ।
4. है0का0 346 दिलीप कुमार थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद ।
5. है0का0 672 सुशील कुमार थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद ।
6. का0 123 भूपेन्द्र कुमार थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद ।
7. हे0का0 करन सिंह सर्विलास सेल जनपद फिरोजाबाद ।
8. का0 सुरजीत कुमार थाना टूण्डला जनपद फिराजबाद ।
9. का0 रोकी तिवारी थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद ।
10. चालक धर्मेन्द्र सिंह थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद ।